झारखण्ड का प्रथम फिजिकल एकेडमी R.N.S. ACADEMY

# R.N.S ACADEMY

राष्ट्र निर्माण सेना

**26 May 2023**

Follow us on



**RN Sir**
(Physical Trainer)

SSC | RAILWAY | BANK

JSSC | DEFENCE - ARMY

CAPF | POLICE | Other Competitive Exam


Website : www.rnsacademy.in
Email : academyrns@gmail.com


Daily Current Affairs Booster


Contact : 8084818282, 9113365645


# Daily Current Affairs


Address : RNS Academy, College Road, Pakur, Jharkhand - 816107

## 26 मई का इतिहास

- **2007 :** भारत और जर्मनी के बीच रक्षा समझौता संपन्न हुआ।
- **2008 :** उत्तर प्रदेश सरकार ने अनाज व खाद्य तेलों की स्टॉक सीमा तय करने के संबंध में अधिसूचना जारी की।
- **1950 :** ब्रिटेन में पेट्रोल खरीदने पर लगी सीमा को खत्म कर दिया गया
- **2006 :** विज्ञान जगत में एक शोक के मुताबिक एड्स का विषाणु कैमरून में पाए जाने वाले चिंपैंजिओं से फैला हैं।
- **1986 :** हिंदी साहित्य के प्रसिद्ध कथाकार, गीतकार, समीक्षक और राजनीतिज्ञ श्रीकांत वर्मा का निधन हो हुआ।

## 26 मई से संबंधित करेंट अफेयर्स

- पेटीएम की मूल कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड ने रूपे नेटवर्क पर पेटीएम एसबीआई कार्ड लॉन्च करने के लिए एसबीआई कार्ड और नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के साथ एक नई साझेदारी की घोषणा की है। यह कार्ड का उपयोग करके पेटीएम मोबाइल ऐप के माध्यम से किए गए लेनदेन पर छूट प्रदान करेगा, कार्डधारकों को पेटीएम ऐप पर मूवी और यात्रा टिकट बुक करने पर 3% कैशबै, पेटीएम ऐप पर अन्य सभी खरीद पर 2% कैशबैक और कहीं और किए गए खर्च पर 1% कैशबैक मिलेगा।
- यूबीएस के साथ क्रेडिट सुइस के प्रस्तावित विलय को भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग द्वारा अनुमोदित किया गया हैं। प्रस्तावित संयोजन, यूबीएस द्वारा अवशोषण विलय के माध्यम से क्रेडिट सुइस के प्रस्तावित अधिग्रहण के बारे में है और इसके बाद यूबीएस उत्तरजीवी कानून इकाई होगी। लेन-देन के बाद क्रेडिट सुइस की सभी संपतियां, देनदारियां और अनुबंध पूरी तरह से यूबीएस को हस्तांरित कर दिए जाएंगे।
- पूर्व भारतीय टेस्ट क्रिकेटर अंशुमन गायकवाड़ ने क्रिकेट क्लब ऑफ इंडिया में अपनी अर्ध-आत्मकथात्मक पुस्तक गट्स ए अम्डर ब्लडबाथ का विमोचन किया। इस मौके पर सचिन तेंदुलकर गुंडापा विश्वनाथ, सुनील गावस्कर, दिलीप वेंगसरकर, रवि शास्त्री और कपिल देव जैसे छह पूर्व भारतीय क्रिकेट कप्तान मौजूद थें। इन दिग्गज क्रिकेटरों ने किस्से साझा किए और खेल में उनके योगदान के लिए गायकवाड़ की प्रशंसा की।
- रक्षा मंत्रालय ने आत्मनिर्भरता की दिशा में ऊंची छलांग लगाते हुए एक और कीर्तिमान हासिल कर लिया हैं। दरअसल वित वर्ष 2022-2023 में रक्षा उत्पादन पहली बार 1 लाख करोड़ रूपये के पार पहुंचा हैं। पिछले वर्ष के आंकड़ों की बात करे तो यह उनकी तुलना में लगभग 12 प्रतिशत तक बढ़ा हैं। भारत रक्षा क्षेत्र में घरेलू उत्पादन बढ़ाकर आत्मनिर्भरता की दिशा में मजबूती से कदम बढ़ा रहा हैं। वितीय वर्ष 2022-2023 में रक्षा उत्पाउन करीब 1.07 लाख करोड़ रूपये के मूल्य तक पहुंच गया । भारत के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है कि देश के रक्षा उत्पादन का मूल्य एक लाख करोड़ रूपये एक ट्रिलियन रूपये के आंकड़े को पार कर गया
- भारतीय रिजर्व बैंक ने वित वर्ष 2022-2023 के लिए सरकार को 87,416 करोड़ रूपये के अधिशेष के हस्तांतरण को मंजूरी दे दी हैं। यह राशि पिछले साल के 30,307 करोड़ रूपये के हस्तांतरण से करीब तीन गुना अधिक हैं। अधिशेष में वृद्धि के लिए विदेशी मुद्रा भंडानर की बिक्री से आय में वृद्धि को जिम्मेदार ठहराया जाता हैं। अमेरिकी खजाने पर बढ़ती पैदावार जैसी चुनौतियों का सामना करने के बावजूद, आरबीआई के अधिशेष हस्तांतरण से सरकार के राजस्व में उल्लेखनीय वृद्धि होने की उम्मीद हैं।
- भारतीय नौसेना की छठी ओर अंतिम कलवरी श्रेणी की पनडुबबी वाघशीर ने अपना समुद्री परीक्षण शुरू कर दिया हैं। इन परीक्षणों के पूरा होने के बाद 2024 की शुरूआत में वाघशीर को भारतीय नौसेना को डिलीवरी के लिए निर्धारित किया गया हैं। पनडुब्बी को 20 अप्रैल 2022 को मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड के कान्होजी आंग्रे वेट बेसिन से लॉन्च किया गया था। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि एमडीएल ने 24 महीनों में परियोजना 75 की तीन पनडुब्बियों की आपूर्ति की है और छठी पनडुब्बी के समुद्री परीक्षणों की शुरूआत एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर हैं।
- विदेश व्यापार नीति 2015-2020 के तहत भारत सरकार द्वारा शुरू की गई एडवांस ऑथराइजेशन स्कीम या एडवांस लाइसेंस स्कीम ने हाल ही में खबरो में ध्यान आकर्षित किया है। इस योजना का उद्देश्य निर्यात उत्पादों के निर्माण के लिए आवश्यक आयातित कच्चे माल पर शुल्क छूट प्रदान करके वैश्विक बाजार में भारतीय उत्पादों की प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ावा देना हैं। इन सामग्रियों पर आयात शुल्क को समाप्त करके, अंतिम निर्यात उत्पादों की लागत कम हो जाती है, जिससे वे मूल्य निर्धारण के मामले में अधिक प्रतिस्पर्धी हो जाते हैं।
- भारतीय लेखक रस्किन बॉन्ड ने द गोल्डन इयर्सः द मैनी जॉयज ऑफ लिविंग ए गुड लॉन्ग लाइफ नामक एक पुस्तक लिखी। गोल्डन ईयर्स पुस्तक हार्पर कॉलिन्स इंडिया द्वारा प्रकाशित की गई है। द गोल्डन इयर्स 60, 70 और 80 के दशक के दौरान बॉन्ड के अनुभवों पर केंद्रित है।
- म्यांमार की सहायता के लिए भारत ने ऑपरेशन करूणा शुरू किया

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स

**1. नए संसद भवन का उद्घाटन कब किया जाएगा ?**

(A) 26 मई (B) 27 मई
(C) 28 मई (D) 29 मई

**(C)** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 28 मई को बहुप्रतीक्षित नए संसद भवन का उद्घाटन करेंगे। इसका शिलान्यास दिसंबर 2020 में किया गया था। इसको अहमदाबाद स्थित एचसीपी डिजाइन, योजना और प्रबंधन द्वारा डिजाइन किया गया हैं। इसका निर्माण टाटा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड द्वारा किया गया हैं। इसकी अनुमानित लागत 970 करोड़ रूपये हैं।



**2. हाल ही में किस राज्य के मंत्रिमंडल ने सीएम सीखो ओर कमाओं योजना को मंजूरी दी है ?**

(A) राजस्थान (B) मध्यप्रदेश
(C) उत्तर प्रदेश (D) आंध्रप्रदेश

**(B)** मुख्यमंत्री सीखो और कमाओं योजना युवाएं के लिए स्वाभिमान और सम्मान का प्रतीक बनेगी, योजना में हमारा प्रारंभिक लक्ष्य एक लाख युवाओं को इससे जोड़ना हैं। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि हमारा संकल्प है कि युवाओ को बेरोजगार नही रहने देंगे। इस उद्देश्य से युवाओं को रोजगार के लिए कौशल सिखाने नई योजना लागू की जा रही हैं।



**3. हाल ही में पिछले नौ वर्षो में भारत की कोयले की आपूर्ति कितने मिलियन टन तक पहुंच गई है ?**

(A) 877.74 मिलियन टन (B) 893.08 मिलियन टन
(C) 1012 मिलियन टन (D) 112.02 मिलियन टन

**(A)** पिछले नौ वर्षो में इसने 45.37% की वृद्धि दर्ज की हैं। भारत के कोयला उत्पादन ने पिछले नौ वर्षो में 47% की वृद्धि हासिल की हैं। वित वर्ष 2023 में कुल कोयला उत्पादन बढ़कर 893.08 मिलियन टन हो गया हैं। यह देश के इतिहास में सर्वाधिक हैं। मंत्रालय ने कहा कि उम्मीद है कि वाणिज्यिक खनन के लिए वितीय वर्ष 2023-2024 के दौरान 25 कोयला खदानों का आवंटन किया जाएगा।



**4. हाल ही में जापान ने किस देश की डिजिटल भुगतान प्रणाली, यूपीआई को अपनाने की इच्छा जताई ?**

(A) भारत (B) इंग्लैंड
(C) फ्रांस (D) रूस

**(A)** जापान के डिजिटल मंत्री कोनो तारो ने दोनो देशों के बीच चल रहे डिजिटल सहयोग का जिक्र करते हुए भारत की एकीकृत भुगतान प्रणाली में शामिल होने में गहरी दिलचस्पी दिखाई हैं। उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य दोनों देशों की ई-आईडी की पारस्परिक मान्यता प्रदान करना और डिजिटल लेन-देन का विस्तार करना है।




**5. हाल ही में किस राज्य में महिलाओं के लिए कार्यस्थल को सुरक्षित बनाने के लिए साहस पहल शुरू की गई ?**

(A) कर्नाटक (B) तमिलनाडु
(C) तेलंगाना (D) छत्तीसगढ़

**(C)** तेलंगाना में महिलाओं के लिए कार्यस्थल को सुरक्षित बनाने के लिए साहस पहल शुरू की गई। इसे राज्य के गृह मंत्री महमूद अली ने लॉन्च किया। इस कार्यक्रम का लक्ष्य कार्यस्थल पर महिलाओं को यौन उत्पीडन से संरक्षण प्रदान करने वाली व्यवस्था को मजबूत बनाना हैं। पहल के तहत कार्यस्थल पर उत्पीड़न का सामना करने वाली कामकाजी महिलाएं सहस से संपर्क कर सकती हैं।



**6. वर्ल्ड इकोनॉमिक सिचुएशन एंड प्रॉस्पेक्ट्स रिपोर्ट किसके द्वारा जारी की जाती है ?**

(A) संयुक्त राष्ट्र संगठन
(B) एशिया प्रशांत आर्थिक सहयोग
(C) विश्व बैंक
(D) विश्व व्यापार संगठन

**(A)** हाल ही में संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी वर्ल्ड इकोनॉमिक सिचुएशन एंड प्रॉस्पेक्ट्स रिपोर्ट ने भारत के 2023 में 5.8% ओर 2024 में 6.7% की दर से बढ़ने की उम्मीद जताई है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में आर्थिक विकास मजबूत रहने की उम्मीद है, जबकि अन्य दक्षिण एशियाई देशों के लिए संभावनाएं अधिक चुनौतिपूर्ण है।



**7. हाल ही में खबरो में रहा मातरवाड़ी बंदरगाह किस देश में स्थित है ?**

(A) भारत
(B) श्रीलंका
(C) बांग्लादेश
(D) म्यांमार

**(C)** हाल ही में तीसरा भारत-जापान बौद्धिक सम्मेलन त्रिपुरा के अगरतला में आयोजित किया गया। भारत में जापानी राजदूत हिरोशी सुजुकी ने इस सम्मेलन के दौरान कहा कि बांग्लादेश बंगाल की खाड़ी क्षेत्र का औद्योगिक केंद्र हो सकता हैं। इसी के साथ उन्होंने कहा कि जापान द्वारा वित पोषित मातरबाड़ी बंदरगाह के उपयोग से पूर्वोत्तर भारत और बांग्लादेश की मूल्य श्रृंखला समृद्ध हो सकती हैं।



**8. न्यूनतम आयात मूल्य किसके द्वारा तय किया जाता है ?**

(A) उद्योग ओर आंतरिक व्यापार संवर्द्धन विभाग
(B) आर्थिक मामलों का विभाग
(C) सार्वजनिक उद्यम विभाग
(D) विदेश व्यापार महानिदेशालय

**(D)** हाल ही में केंद्र सरकार ने सेब के लिए आयात शर्त नीति में संशोधन किया हैं। सेब के लिए अब सरकार ने न्यूनतम आयात मूल्य पेश किया हैं। इस नीति के मुताबिक 50 रूपये प्रति किलो से कम कीमत वाले किसी भी सेब का आयात नही किया जा सकता हैं।




**9. ग्रेटर फ्लोमिंगो को आईयूसीएन की किस सूची में स्थान दिया गया है ?**

(A) संकट के निकट
(B) कम चिंताजनक
(C) संकटग्रस्त
(D) असुरक्षित

**(B)** हाल ही में दिल्ली में हरियाणा राज्य की सीमा से सटे नजफगढ़ वेटलैंड से एक ग्रेटर फ्लेमिंगो को बचाया गया था। इसका वजन 4.6 से 9 पाउंड तक होता हैं। इनकी सबसे विशिष्ट विशेषताओं में से एक इनका गुलाबी या लाल रंग है हालांकि यह जन्म से गुलाबी नही होते हैं।



**10. अभ्यास जल राहत क्या है ?**

(A) भारत-फ्रांस नौसेना अभ्यास
(B) भारतीय सेना और भारतीय नौसेना का संयुक्त अभ्यास
(C) भारतीय तट रक्षक अभ्यास
(D) भारतीय सेना बाढ़ राहत अभ्यास

**(D)** हाल ही में भारतीय सेना की गजराज कोर ने एक संयुक्त बाढ़ राहत अभ्यास जल राहत का आयोजन किया। यह अभ्यास असम में मानस नदी पर निर्मित हगरामा ब्रिज पर आयोजित हुआ। इस अभ्यास का उद्देश्य बाढ़ राहत कार्यो में शामिल कई एजेंसियों के बीच समन्वय बढ़ाना था।

